


### एक नजर में

## ट्रायम्फल आर्च एकेडमी में अनूठे रूप से मनाया गया फादर्स डे बच्चों के साथ पापा ने भी की कक्षा में पढ़ाई



**बुरहानपुर।** शहर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन बुरहानपुर द्वारा संयुक्त रूप से फादर्स डे एक अनूठे रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी उपस्थित पालकों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया तत्पश्चात स्कूल की घंटी बजते ही विद्यार्थियों के साथ.साथ उनके पिता ने भी एक दिन कक्षा में पढाई की एवं पढ़ाये गए विषय का ओएमआर शीट पर टेस्ट भी दिया। इस दौरान गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी की पढाई करवाई गई एवं खेल और नृत्य के कालखंड का भी पालकों ने आनंद लिया जिससे पालकों की स्कूल की यादें ताज़ा हो गयी एवं अपने पाल्य के स्कूल का अनुभव भी लिया। विद्यार्थियों ने अपने पिता को समर्पित नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीए साथ ही उपस्थित पालकों के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमे पालकों ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया एवं विजेता को मेडल पहनाकर एवं उपहार देकर पुरुस्कृत किया गया। बेस्ट फादर का खिताब वेदा पटेल के पिता श्री मयूर पटेल द्वारा हासिल किया गया तथा द्वितीय पुरस्कार अहाना खंडेलवाल के पिता श्री मोहनीश खंडेलवाल एवं तृतीय पुरस्कार आदित्य प्रजापति के पिता श्री रूपेश प्रजापति द्वारा प्राप्त किया गया।

शाला के चेयरमैन श्री कमलेश पटेल द्वारा बताया गया की ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन को अपने नवाचारों के लिए जाना जाता है इसी श्रृंखला में संस्था में विद्यार्थियों और उनके पिता के लिए फादर्स डे के शुभावसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे विद्यार्थियों ने अपने प्रिय पिता के साथ खुशी के वो पल बिताये है जो आजीवन की स्मृति बन गई है।

शाला सचिव नम्रता पटेल द्वारा बताया गया की ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन विगत 4 सालों से कंधे से कन्धा मिलाकर चल रहे है एवं हर वर्ष विद्यार्थी एवं उनके पालकों के लिए इसी तरह के विशेष आयोजन किये जा रहे है।

शाला प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल द्वारा सभी पालकों को शुभकामना प्रेषित की गई एवं विद्यार्थी के जीवनए प्रगति एवं सफलता में पिता का योगदान अतुलनीय बताया। इस दौरान ट्रायम्फल आर्च एकेडमी एवं एलेन बुरहानपुर के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करना सभी के सहयोग से ही संभव है : वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र जैन



**बुरहानपुर।** आयुक्त सामाजिक न्याय एंव् दिव्यांगजन सशक्तिकरण मण्प्रण् भोपाल के आदेशानुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 17 जून से 26 तक चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर जिले की एकमात्र दिव्यांगजनों की मूक बधिर अंध विद्यालय के सभागार में सामाजिक न्याय एंव् दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बुरहानपुर,समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम अवसर पर जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं जनजाग्रति संस्था के कार्यकारणी सदस्य कैलाश अग्रवाल ,जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव एवं जनजाग्रति संस्था के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन,जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य एवं जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर की अध्यक्ष डॉ किरण सिंह के साथ साथ आमंत्रित सम्बन्धित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एशाला समस्त स्टाफ एवं छात्र एवं छात्राए उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महेंद्र जैन ने कहा की नशा चाहे किसी भी नशीले पदार्थ का हो वह इन्सान को इन्सान नही हैवान बनाने में कोई कसर नही छोड़ता है उस अवस्था में इन्सान अपने स्वयं के साथ साथ घर परिवार को तो बर्बाद करता ही है समाज को भी बदनाम करता है।

## तनाव रहित जीवन जीने का मूल मंत्र योग है : जिला न्यायाधीश विधि सक्सेना



**बुरहानपुर।** इस भागदौड़ की जिंदगी में काम की अधिकता के बीच अगर हम योग को अपनाते हैएतो हमारा जीवन बहुत सरल और सहज हो जाता है,तनाव रहित जीवन जीने का मूल मंत्र, योग को अपने जीवन में अपनाना है। उक्त उदगार न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपन्न हुए समारोह में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश मैडम विधि सक्सेना ने योगसत्र में शामिल हुए सभी न्यायाधीश, कर्मचारियों और अधिवक्तागण को संबोधित करते हुए कही। आपने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस इसी बात की जागृति और संदेश के लिए इक्कीस जून को मनाया जाता हैएताकि हम ऐसे महोत्सव से प्रेरणा लेकर इसे प्रतिदिन अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल कर सकें।

आपने प्रशिक्षण हेतु उपस्थित मान्यता प्राप्त योगा ट्रेनर और आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के केन्द्र प्रमुख एडवोकेट संतोष देवताले द्वारा दिए गए प्रशिक्षण की भी खूब सराहना की। इस अवसर पर योगाटिरेनर संघ के सचिव संतोष देवताले ने कहा वर्तमान समय में हमारे पास हर काम के लिए समय है, किंतु स्वयं के लिए समय नहीं है दिन की शुरुआत में यदि हम प्रतिदिन मात्र 30 मिनट भी अपने शरीर को आसन योग प्रणाम से जोड़कर रखते हैं,तो हम सुखी स्वस्थ निरोगी काया के जीवन का आनंद ले सकते हैं। आपने उपस्थित साधकों को कटीचक्रासन, शलभासन,तालिनाद, पर्वतासन, मंडुकासन और ब्रह्मरी प्रणायाम के साथ.साथ सभी को पंचकोशा ध्यान भी कराया गया।

इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश तन्वीर एहमद खान, प्रथम जिला न्यायाधीश इन्दुकांत तिवारी, द्वितीय जिला न्यायाधीश निलेश जीरेती, न्यायिक मजिस्ट्रेट राजू पंद्रे, भारतसिंह भंवर और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सरिता जतरिया, व जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजालदे सहीत संघ के पूर्व सह.सचिव हर्षल विस्फुत्ते एवम न्यायिक कर्मचारी बड़ी संख्या में इस शिविर में शामिल हुए। जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश प्रेमदीप सांकला ने सभी के प्रति आभार की अभिव्यक्ति की।

# लंबित शिकायतों का जल्द निराकरण करें अधिकारी : कलेक्टर सिंह

### समय-सीमा पत्रकों एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में समय.सीमा पत्रकोंए सीएम हेल्पलाइन प्रकरणोंए राजस्व वसूलीए पेयजल व्यवस्थाए कृषिए स्वास्थ्य एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का शीघ्रए गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पोर्टल पर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जवाब दर्ज किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैए इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। बैठक में भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पेयजल गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट का भी गहन परीक्षण किया गया तथा जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी रखने को कहा गया।

बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा तहसीलवार की गयी एवं जुर्माना वारंट वसूली लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली गयी। फॉर्मर रजिस्ट्री कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से कारण पूछे और निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर सक्रिय होकर कार्यों में गति लाई जाए।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्रों की स्थिति तथा नगरीय निकाय स्तर पर लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबल पंजीयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। अमानक सामग्री की बिक्री रोकने हेतु कृषि आदान केन्द्रों एवं गोदामों का नियमित निरीक्षण किया जाये।

परिवहन विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में आई चेकअप परीक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में संचालित एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले की सभी एम्बुलेंस वर्तमान में सुचारु रूप से संचालित हैं। बैठक में बताया गया कि जिले में कोटवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोटवारों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में फसल नुकसानी सर्वे रिपोर्ट पर प्राप्त होने वाली आपत्तियों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में समय.सीमा पत्रकों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## कोटवार और नगर सुरक्षा समिति का 7 दिनी प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कोटवार और नगर सुरक्षा समिति अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण समापन समारोह सोमवार को रेणुका पुलिस लाइन में आयोजित रहा। इस अवसर पर विधायक अर्चना चिटनिस, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी आशुतोष बागरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल सहित अन्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान कोटवारों एवं नगर सुरक्षा समिति सदस्यों को पुलिस की कार्यप्रणाली, भीड़ नियंत्रणए अनुशासनए परेड सलामी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और कानून व्यवस्था के दौरान पुलिस की मदद करने के गुर सिखाए गए।



समापन समारोह में विधायक अर्चना चिटनिस ने जिला एवं पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की। आगामी मोहर्रम पव,लाइन ऑर्डर ड्यूटी एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुरहानपुर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। विदित है कि जिले के कोटवारों एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

समारोह में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि कोटवार यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनका व्यवहार ऐसा होए जिससे ग्रामीण जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने कोटवारों को अपनी नई पहचान और बढ़ी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने की सलाह दी। इस दौरान विधायक श्रीमती चिटनिस ने कोटवारों से शिक्षा और अन्य विषयों पर भी चर्चा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा किए कोटवार कानून व्यवस्था में सूचना की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते है। किसी भी घटना या संभावित घटना की जानकारी समय पर प्रशासन तक पहुंचाना बेहद जरूरी है और इस पूरी व्यवस्था में कोटवारों की भूमिका बहुत अहम है।

## चिह्नांकन और परीक्षण शिविर 29 जून से

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत भारत सरकार की एडिप योजना के तहत,लिम्को टीम द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 29 जून से 3 जुलाईए 2026 के मध्य चिन्हांकन एवं परीक्षण के लिये असेसमेंट शिविर आयोजित किए जा रहे है। विभागीय जानकारी अनुसार 29 जून को जनपद पंचायत खकनार प्रांगण में शिविर आयोजित रहेगा। वहीं 30 जून को नगर निगम बुरहानपुर के मोढेश्वरी भवन सेवा सदन कॉलेज के सामने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1 जुलाई को नवीन नगर पालिका नेपानगर भवन में होगें।

# स्व .श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देंगे श्रद्धांजलि

### आज से 06 जुलाई तक मनाया जाएगा स्मरण पखवाड़ा : जिलाध्यक्ष डॉ . मनोज माने

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आज जनसंघ के संस्थापक स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी बुरहानपुर जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अंतर्गत दिनांक 23/6/2026 मंगलवार को सुबह 9.30 बजे भाजपा संस्थापक स्व.डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 73 वी पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जायेगी। इस अवसर पर स्व.डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की लालबाग मार्ग पर नेत्र चिकित्सालय परिसर स्थित प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्वॉसुमन



अर्पित किए जाएँगे। इस अवसर पर समस्त पार्टी के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, मोर्चा.प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता बंधुओ से आग्रह है कि माल्यार्पण कार्यक्रम मे अवश्य उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने बताया कि स्व. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक और जम्मू.कश्मीर को भारत में पूरी तरह मिलाने के प्रखर समर्थक थे। वे अनुच्छेद 370 के घोर विरोधी थे,वे इस व्यवस्था का विरोध करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू.कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े,वहां पहुंचते ही उन्हें राज्य सरकार द्वारा गिरफ्तार करके नजरबंद कर लिया गया। हिरासत में रहने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और 23 जून 1953 को संदेहास्पद परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उनके समर्थकों और देशवासियों ने इसे एक बड़ी राजनैतिक साजिश और लापरवाही माना। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया और उनके विचारों ने आगे चलकर राष्ट्रीय विमर्श की दिशा तय की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व भाजपा सरकार ने जहा हुवे अलिदान मुखर्जी उस कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया , वही पश्चिम बंगाल जहां पर उनका जन्म हुवा था ,उस बंगाल में भाजपा ने एतिहासीक जीत दर्ज कर सरकार बनाई। स्व. डॉ. मुखर्जी के बलिदान को लेकर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजीत किए जा रहे है। उसी अंतर्गत जिला भाजपा द्वारा टोलीया बनाई जाकर जन जन तक जानकारी पुहचाई जाएगी।

**जिला टोली की घोषणा:-** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर दवारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वॉ जयंती वर्ष 23 जून से 06 जुलाई तक एक स्मरण पखवाड़ा संस्मरण पक्ष आपातकाल के काले अध्याय के दिवसो एवं प्राथमिक सदस्यो एवं बूथ समिती सदस्यों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के अंतगर्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमो सफल क्रियान्वयण हेतु जिला टोली की नियुक्ती की गई है।

इस जिला टोली के संयोजक श्री चितांमण महाजन जिला महामंत्री एवं सदस्य के रूप में सुभानसिंह चौहान जिला अध्यक्ष भाजपा अ.ज.जा.मोर्चा जिला बुरहानपुर, श्री योगेश पाटील पूर्व जिला मंत्री , श्रीमती किरण रायकवार पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं श्री पवन लहासे जिला मंत्री आजपा अ.जा.मोर्चा बुरहानपुर को बनाया गया है। इसी प्रकार जिना टोली आपातकाल के काले अध्याय के दिवसो के संयोजक श्री जयंती लाल नवलखे अध्यक्ष .म.प्र.पावरलूम फेडरेशन एंव सदस्य श्री दिपक अग्राल अध्यक्ष आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा , विजय शेवाडे वरिष्ठ नेता भाजपा होगें। वही जिला टोली प्राथमिक सदस्यो एवं बूथ समिती सदस्यों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण अभियान 23 जून से 06 जुलाई के संयोजक श्री विपूल कानगो जिला कार्यालय प्रभारी भाजपा एवं सदस्य के रूप में भरत रावल जिला महामंत्री युवा मोचर्चा भाजपा तथा दुर्गेश शर्मा सदस्य जिला कार्यकारिणी को दायित्व सौंपे हैं।

## बारिश के पहले नाले से हटाया कब्जा



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में मानसून से पहले नगर निगम द्वारा वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसको देखते हुए आज टीम द्वारा नाले के ऊपर अतिक्रमण हटाया गया। बुरहानपुर मंडी बाजार क्षेत्र पाला बाज़ार में बारिश के मौसम को देखते हुए नाला सफाई की गई हैए जिससे जल.निकासी को सुचारू रखा जा सके। शहर के मुख्य नालों और पुलिया के पाइपों की सफाई जेसीबी के माध्यम से की गई हैए ताकि कचरा फंसने से बारिश का पानी सड़कों पर न आए। निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव की मौजूदगी में नगर निगम अमले ने मुख्य बाजार क्षेत्र पाला बाज़ार से अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई में पाला बाजार क्षेत्र में एक दुकान तोड़ी। दुकानदार द्वारा नाले के ऊपर नीचे पक्का ओटला बनाने के साथ ऊपर टीन शेड डाल कर पक्की दुकान बना ली थी। इसे निगम अमले ने जेसीबी से तोड़ दिया। सड़क किनारे से सामान जब्त किया। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने मंडी पाला बाजार क्षेत्र में सड़कों पर खड़े ठेले वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि रोड़ पर गंदगी ना करे अतिक्रमण ना करे। इस अवसर पर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ,कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक यंत्री गोपाल महाजन, उप यंत्री सौरव वर्मा ,विक्रम भरकुंवर नितिन वर्मा ,अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन, पूर्व तैयारियों की समीक्षा एवं अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जूनए से 30 जून 2026 तक जिले में संचालित किया जाएगा।

अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 34 हजार 363 बच्चों को पोलियो रोधी दवा



पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस पर पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि इसके पश्चात अगले दो दिनों तक घर.घर जाकर शेष बच्चों को पोलियो की खुराक प्रदान की जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान का व्यापक प्रचार.प्रसार करते हुए नागरिकों को जागरूक करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## ताप्ती मिल कर्मचारियों के 11 माह के वेतन मुद्दे पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की दिल्ली में पहल

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** ताप्ती मिल नेशनल टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेशन एनटीसी बुरहानपुर के सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों के लगभग 11 माह से लंबित वेतन और उनसे जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लगातार गंभीरता के साथ प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सांसद ने सोमवार को नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव से महत्वपूर्ण मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और सुरक्षा का विषय प्रमुखता से रखा।



मुलाकात के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने सचिव को अवगत कराया कि लंबे समय से वेतन भुगतान लंबित रहने के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। लगभग 11 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कई कर्मचारी आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं तथा परिवारों के समक्ष आजीविका चलाने की चुनौती खड़ी हो गई है। सांसद ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं और ऐसे विषयों पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निर्णय लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों और उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए समस्या के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।

चर्चा के दौरान वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने मामले को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक स्तर पर उचित कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के कर्मचारियोंए श्रमिकों और आम नागरिकों से जुड़े विषयों को लेकर सांसद लगातार प्रयासरत हैं।

**एक नजर** — नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, पेयजल,स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता

# राजीव वार्ड में विकास कार्यों की सौगात, अर्चना चिटनिस और माधुरी पटेल ने किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने वार्ड क्रमांक 39 राजीव वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प है। नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, पेयजल,स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को



अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के पुराने क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, वहीं नए क्षेत्रों में योजनाबद्ध विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंचे, कोई क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे और हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर प्राप्त हो,इसी लक्ष्य के साथ कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से बुरहानपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा आने वाले समय में भी नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी।

इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने लगभग 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित किशोर भंगार वाले के घर से सामुदायिक शौचालय तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित रमेश चक्कीवाले के घर से



पुनमचंद पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य तथा 3 लाख रुपए की लागत से निर्मित नारायण रघुनाथ के घर से गोपाल पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

लोकार्पण अवसर पर वार्डवासियों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इन निर्माण कार्यों से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

पार्षद धनराज महाजन ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि राजीव वार्ड के लिए यह गौरव का विषय है कि विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों ने जिस भी जनसुविधा और विकास कार्य की मांग रखीए दीदी ने उसे गंभीरता से लेते हुए दिल खोलकर स्वीकृति प्रदान की और उसे धरातल पर उतारने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज राजीव वार्ड में सड़कए नाली, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा हैए वह जनप्रतिनिधियों की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। श्री महाजन ने कहा कि दीदी केवल घोषणाएं नहीं करतीं, बल्कि प्रत्येक मांग को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करती हैं। यही कारण है कि बुरहानपुर के हर वार्ड में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, संभाजीराव सगरे, गौरव शुक्ला,क्षत्रिय काछी माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कृष्ण कौशिक, पूर्व अध्यक्ष चंपालाल महाजन,शेखर महाजन, पार्षद पांडुरंग जाधव, भाजपा उपाध्यक्ष प्रशांत पाटिल, चिंटू राठौर, रविंद्र काकड़े, भारत रावल, रुद्रेश्वर एंडोले, किशोर कामथे, मनोज फुलवानी,पुनमचंद पटेल, देवाराम पटेल,अमित महाजन, सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।